दैनिक
# क्यूँ न लिखूँ सच
प्रातः कालीन
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र



मुरादाबाद से प्रकाशित

Title Code
UPBIL 05086

वर्ष :- 01 अंक :- 277 मुरादाबाद 03 February 2022 (Thursday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

## यूपी चुनावः सपा ने फाड़ दिया था दलितों को आरक्षण वाला बिल, जानें किस घटना का जिक्र कर मायावती ने बोला हमला



उत्तर प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव के लिए पहली बार बसपा प्रमुख मायावती भी रैली में उतरीं। आगरा में जनसभा को संबोधित करते हुए मायावती ने भाजपा, सपा और कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। मायावती ने कहा कि लोगों को इन तीनों ही दलों को रिजेक्ट कर देना चाहिए। उन्होंने दलितों का मुद्दा उठाते हुए कहा कि सपा ने एक बार दलितों के आरक्षण वाला बिल ही फाड़ दिया था। मायावती ने कहा कि समाजवादी पार्टी का रवैया हमेशा ही दलितों के विरोध का रहा है। उन्होंने कहा कि सपा जब सत्ता में थी तो एक समुदाय विशेष पर ही मेहरबान थी, जबकि दलितों और अति-पिछड़ों के साथ सौतेला व्यवहार किया जाता था।

### जब सपा सांसद ने फाड़ दिया प्रमोशन में आरक्षण का बिल

मामला दिसंबर 2012 का है। लोकसभा में तत्कालीन संसदीय कार्यमंत्री नारायण सामी प्रमोशन आरक्षण बिल पेश कर रहे थे। इसी समय सपा नेता यशवीर सिंह ने उनके हाथ से बिल की कॉपी ले ली। तभी छीना झपटी शुरू हो गई और बिल की कॉपी फट गई। शोर और हंगामे के चलते स्पीकर को लोकसभा की कार्यवाही स्थगित करनी पड़ गई थी। इस बिल को लेकर यूपीए सरकार को फजीहत झेलनी पड़ गई थी। यूपीए का समर्थन कर रही बसपा ने इस बिल का स्वागत करते हुए सरकार को पेश करने के लिए कहा था।

### सपा और बसपा के बीच फंस गई थी यूपीए सरकार

वहीं दूसरी समर्थक पार्टी सपा इसके खिलाफ उतर आई और जमकर हंगामा किया। यहां तक कि बिल पेश किए जाने के दौरान उसकी प्रति लेकर सांसद ने फाड़ दी। बता दें कि यूपीए सरकार के दौरान यह घटना हुई थी। जब यशवीर सिंह ने बिल की कॉपी छीन ली थी तभी सोनिया गांधी ने उन्हें रोकने का प्रयास किया। इतने में अन्य कई नेता भी उनकी ओर बढ़े और छीना झपटी शुरू हो गई। आज मायावती ने उसी घटना को याद दिलाते हुए सपा को आड़े हाथों लिया। बता दें कि उस समय समाजवादी पार्टी यूपीए सरकार को बाहर से समर्थन देती थी। इसके बावजूद उसने बिल का विरोध किया था। वहीं बहुजन समाज पार्टी चाहती थी कि यह संशोधन विधेयक पास हो।

### सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया था प्रमोशन में कोटा

सुप्रीम कोर्ट ने अप्रैल, 2012 में अनुसूचित जाति एवं जनजाति समुदाय के लिए प्रमोशन में आरक्षण को खारिज कर दिया था। इससे पहले इलाहाबाद हाई कोर्ट ने भी रिजर्वेशन में कोटे को खारिज कर दिया था। इस पर बहुजन समाज पार्टी ने संसद में मांग की थी कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले की काट के लिए संविधान संशोधन विधेयक लाया जाना चाहिए। हालांकि संसद में जब यह बिल पेश हुआ तो सपा का रुख इसके खिलाफ था।

## संसद में उठा मैरिटल रेप का मुद्दा, स्मृति ईरानी ने कहा- हर शादी को हिंसक और हर पुरुष को बलात्कारी नहीं कह सकते

संसद में बजट सत्र का आज तीसरा दिन है। इस दौरान सदन में मैरिटल रेप का मुद्दा उठा गया। वहीं, केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने मैरिटल रेप को लेकर कहा कि देश की हर शादी की निंदा करना ठीक नहीं है। ईरानी ने सदन में प्रश्नकाल में कहा कि वैवाहिक जीवन में यौन हिंसा का समर्थन नहीं किया जा सकता है और कोई इसका समर्थन नहीं करता है। लेकिन इसकी आड़ में सभी पुरुषों को बलात्कारी कहना ठीक नहीं है। बता दें कि ईरानी सीपीआई सांसद बिनॉय विश्वम के %वैवाहिक जीवन में यौन हिंसा% से संबंधित एक सवाल का उत्तर दे रही थी। उन्होंने कहा, %मैरिटल रेप का मामला अदालत में विचाराधीन है। देश में 30 से ज्यादा हेल्पलाइन हैं, जो महिलाओं की मदद करती हैं।% मंत्री ने कहा कि वरिष्ठ सदस्य जानते हैं कि राज्यसभा में प्रक्रियाओं का नियम 47 वर्तमान में विचाराधीन विषय पर विस्तार की अनुमति नहीं देता है। उन्होंने कहा कि सरकार का प्रयास राज्य सरकारों के सहयोग से इस देश में महिलाओं की रक्षा करना है। वर्तमान में, पूरे भारत में 30 से अधिक हेल्पलाइन काम हैं, जिन्होंने 66 लाख से अधिक



महिलाओं की सहायता की है। इसके अलावा, देश में 703 %वन स्टॉप सेंटर% काम कर रहे हैं और इनसे पांच लाख से अधिक महिलाओं को मदद मिली है।वहीं, सांसद विश्वम ने कहा कि उनका मतलब यह नहीं था कि हर आदमी एक बलात्कारी है। इसके साथ ही सवाल पूछा कि क्या सरकार इस मुद्दे पर डेटा एकत्र कर सकती है और इसे जल्द से जल्द संसद में जमा कर सकती है।इस पर मंत्री ने कहा कि सदस्य सुझाव दे रहे हैं कि केंद्र राज्य सरकारों के साथ बातचीत करे और उनसे रिकॉर्ड मांगे। लेकिन केंद्र आज इस सदन में राज्य सरकारों की ओर से कोई सिफारिश नहीं कर सकता। वहीं, भाजपा नेता सुशील मोदी ने पूछा कि क्या सरकार वैवाहिक बलात्कार को अपराध की श्रेणी में रखने के पक्ष में है या इसे अपराध के रूप में छूट देने के पक्ष में है तो इससे विवाह की संस्था समाप्त हो जाएगी। सुशील मोदी ने कहा कि यह साबित करना मुश्किल होगा कि पत्नी कब राजी हुई या नहीं।

## अगर सत्ता में आए तो BJP से तेज राम मंदिर का भव्य निर्माण करेंगे, राज्यसभा में बोले सपा सांसद राम गोपाल यादव

यूपी विधानसभा चुनाव में भाजपा को कड़ी टक्कर दे रही समाजवादी पार्टी के राज्यसभा सांसद राम गोपाल यादव ने यह कहकर इस चुनावी जंग को और रोचक कर दिया कि उनकी पार्टी अगर प्रदेश में सत्ता पर आती है तो वे भाजपा से जल्दी समय में अयोध्या में राममंदिर की स्थापना कर देंगे। गोपाल यादव ने ये बयान देकर भाजपा के उस कैडर को अपनी तरफ खींचने की कोशिश की है जिसमें भाजपा लगातार दावा करती रही है कि उनकी पार्टी ने अपने वादे के अनुसार अयोध्या में भव्य राममंदिर की शुरुआत कर दी है। बुधवार को राज्यसभा की कार्यवाही के दौरान समाजवादी पार्टी के सांसद राम गोपाल यादव ने अपनी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव पर अमित शाह द्वारा अयोध्या राम मंदिर निर्माण को रोकने के आरोपों का बचाव किया।



उन्होंने कहा कि भाजपा के नेता इस तरह के बयान देकर सपा पर इसलिए हमला कर रहे हैं क्योंकि वे जानते हैं कि जनता अखिलेश यादव को पसंद करती है। उन्होंने दावा किया कि अगर उनकी पार्टी यूपी की सत्ता में वापसी करती है तो वे भाजपा सरकार से जल्दी समय में अयोध्या में भव्य राममंदिर का निर्माण कर सकते हैं। गौर हो कि गृह मंत्री अमित शाह ने चित्रकूट में कहा था कि अखिलेश यादव कितनी भी कोशिश कर लें, मंदिर का काम नहीं रोक सकते। आज राज्यसभा में राम गोपाल यादव ने कहा कि मंदिर का काम कौन रोक रहा है? समाजवादी पार्टी के सांसद ने कहा, वास्तव में ये लोग मंदिर से चोरी कर रहे हैं, लेकिन अगर अखिलेश यादव की सरकार सत्ता में आती है, तो मंदिर को तेज और बेहतर बनाया जाएगा।उन्होंने कहा कि अगर समाजवादी पार्टी सत्ता में आई तो मंदिर दान की चोरी रुकेगी। पर और अधिक हमले करते हुए राम गोपाल यादव ने कहा कि अमित शाह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दोनों असंसदीय भाषा का प्रयोग कर रहे हैं। यदि आप अखिलेश यादव को गुंडा कहते हैं, तो क्या जनता आपको वोट देगा? राम गोपाल यादव ने कहा, ॉयह बहुत चिंता का विषय है कि अगर उच्च पदों पर बैठे नेता उत्तर प्रदेश में दंगा भड़काने की कोशिश करते हैं। हर दिन नेता सहारनपुर और देवबंद पहुंचते हैं और भड़काऊ भाषण देते हैं।

# सपा उम्मीदवार एस पी ठुकराल ने किया तूफानी जनसंपर्क



दुर्गेश तिवारी
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

रुद्रपुर- सपा उम्मीदवार एस पी ठुकराल ने किया तूफानी जनसंपर्क ( लोगों का मिला अपार समर्थन रम्पुरा,शिव नगर, ट्रांजिट कैंप में मची साइकिल की धूम) रुद्रपुर. समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी एस पी ठुकराल ने आज से अपने जनसंपर्क अभियान का आगाज किया।इस दौरान उन्होंने रुद्रपुर विधानसभा के शिव नगर, ट्रांजिट कैंप, रम्पुरा पूर्वी, रम्पुरा उत्तरी क्षेत्र में अपने पक्ष में मतदान करने के लिए जनसंपर्क अभियान चलाया।इस दौरान उन्होंने हर गरीब, मजदूर, और किसानों को अपने गले लगाते हुए कहा कि सपा सत्ता में आई तो हर किसी को सम्मान और रोजगार देने के लिए काम किया जाएगा।इस दौरान उन्हें लोगों का अपार समर्थन मिला।इस दौरान चुनाव प्रचार में उनके साथ सुमन पंत, शीला चौधरी, परवीन खान, सुनील कुमार, यशपाल सिंह,प्रेम सिंह,कुलदेव सिंह, मोहम्मद साजिद,फैसल खान,सोनू, सुखविंदर सिंह,सिमरन,बाबी,गोपी जसवीर सिंह सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

# ठुकराल के समर्थन में आए सैकड़ों भाजपाई

दुर्गेश तिवारी
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



रुद्रपुर- चुनाव चिन्ह आवंटित होने के बाद निर्दलीय प्रत्याशी विधायक राजकुमार ठुकराल के चुनाव प्रचार ने रफ्तार पक ली है। शहर हो या गांव हर जगह विधायक ठुकराल को आम जनता के साथ साथ भाजपा और कांग्रेस के लोगों का भी भरपूर समर्थन मिल रहा है। धुंआधार प्रचार के बीच संपतपुर गांव में निर्दलीय प्रत्याशी राजकुमार ठुकराल ने भाजपा को बा झटका दिया है। यहां पूर्व जिला पंचायत सदस्य राजेश बजाज के प्रयासों से सैकों लोगों ने ठुकराल के समर्थन का ऐलान कर दिया। इस दौरान आयोजित सभा में ग्रामीणों ने इस बार भारी मतों से ठुकराल को विजयी बनाने का संकल्प लिया।ठुकराल को समर्थन देने वालों में भाजपा रुद्रपुर ग्रामीण मंडल के महामंत्री दुलाल मलिक, उपाध्यक्ष मनोज मिस्त्री, प्रमोद बोरा, मंत्री विप्लव विश्वास, राज कुमार चौधरी, बूथ अध्यक्ष अशोक ढाली, ज्योतिष मंडल, भोला हालदर, नवीन मिस्त्री, परितोष हलदार, शिशु देव सिकदार, सुमित बासु, प्रशांत मुखर्जी, महिला महिला मोर्चा की अध्यक्ष श्रीमती सरिता चौधरी, महामंत्री शांति वाला, श्रीमती कल्पना, मंत्री महिला मोर्चा निकिता, पिंकी रानी, भानु मंडल, उपाध्यक्ष महिला मोर्चा, श्रीमती माया, सावित्री,अनीता मलिक, किसान मोर्चा के विभाग संयोजक मनीष छाबा, बूथ अध्यक्ष पुरुषोत्तम छाब?ा, विनोद बत्रा, तेज सिंह, ग्राम प्रधान गुरनाम सिंह, विक्रम सिंह, महेंद्र सैनी, बिशन सिंह, क्षेत्र पंचायत सदस्य श्रीमती मीरा मलिक, क्षेत्र पंचायत सदस्य श्रीमती मंजू सैनी, क्षेत्र पंचायत सदस्य,सुखदेव सिंह, क्षेत्र पंचायत सदस्य अंकित बठला,अशोक मुंजाल, बल्देव राज मुंजाल, मुकेश कुमार, शेर सिंह, जाकिर लाला, गुलशन बत्रा आदि शामिल थे।इस दौरान ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए पूर्व जिला पंचायत सदस्य राजेश बजाज ने कहा कि इस बार रूद्रपुर विधानसभा का चुनाव सिर्फ चुनाव नहीं बल्कि अन्याय के खिलाफ न्याय की लाई है। छल प्रपंच करके जनता के सच्चे सेवक की टिकट कटवाकर कुछ लोगों ने घोर अन्याय ही नहीं किया बल्कि भाजपा को भी पूरे जिले में गर्त में ले जाने का काम किया है। ऐसे लोगों ने पार्टी हाईकमान को गुमराह करके नरेंद्र मोदी के हाथों को भी कमजोर करने की कोशिश की है। जनता जानती है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आदर्शो पर चलने वाला सही अर्थों में कौन है। श्री बजाज ने कहा कि पूरे उत्तराखण्ड में सही मायने में अगर कोई विधायक प्रधानमंत्री मोदी की नीतियों पर पूरी निष्ठा से काम कर रहा है तो वह सिर्फ और सिर्फ विधायक राजकुमार ठुकराल है। जिस तरह प्रधानमंत्री मोदी को सिर्फ देश और देशवासियों की चिंता है उसी तरह विधायक राजकुमार ठुकराल को भी अपने विधानसभा क्षेत्र और यहां की जनता के हितों की चिंता है। विधायक ठुकराल ने अपने दस वर्षों के कार्यकाल में संगठन के ब? नेताओं की चाटुकारिता सिर्फ इसी लिए नहीं की क्यों कि उन्हें हर समय सिर्फ जनता के हितों की चिंता थी। अपनी विधानसभा से दूर वो एक पल भी नहीं होना चाहते थे। देहरादून भी अगर जाना होता है तो वह सिर्फ रूद्रपुर की जनता के काम के लिए ही वहां जाते थे। अपना ज्यादा से ज्यादा समय उन्होंने हमेशा जनता के लिए समर्पित करने की कोशिश की। पिछले चार दशकों में नजूल भूमि का मुद्दा कोई हल नहीं करा पाया। विधायक ठुकराल अपने पहले कार्यकाल से ही पूरी शिद्दत के साथ इस मुद्दे का हल कराने के लिए लगे हुए थे जिसका परिणाम आज जनता के सामने हैं। जनता की सेवा के लिए अपना सब कुछ कुर्बान करने की इच्छा रखने वाले विधायक का टिकट काटना सरासर नाइंसाफी है। यह न सिर्फ ठुकराल का अपमान है बल्कि रूद्रपुर की जनता का भी अपमान है। रूद्रपुर विधानसभा की जनता इस अपमान का बदला जरूर लेगी और आने वाली 14 फरवरी को सीटी के निशान वाला बटन दबाकर एक बार फिर नया इतिहास रचेगी

# रुद्रपुर विधानसभा से आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी नंदलाल आर्य लगातार जनसंपर्क



दुर्गेश तिवारी
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

रुद्रपुर- रुद्रपुर। उत्तराखंड में चुनावी माहौल जोरों पर है, ऐसे में रुद्रपुर विधानसभा से आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी नंदलाल आर्य लगातार जनसंपर्क कर रहे हैं। वह लोगों के बीच जाकर आम आदमी पार्टी की गारंटियों की जानकारी दे रहे हैं। नंदलाल ने बताया कि उन्हें जनता का लगातार समर्थन मिल रहा है। मंगलवार को जनसंपर्क के दौरान नंदलाल ने अपने अनोखे अंदाज में जनता से आम आदमी पार्टी के पक्ष में वोट करने की अपील की। इस दौरान नंदलाल एक दुकान में पहुंचे जहां उन्होंने दुकानदार से पांच टॉफिया मांगी, जिसके बदले उन्होंने आम आदमी पार्टी के 5 गारंटियों के बारे में उन्हें समझाया। इस दौरान नंदलाल का अनोखा अंदाज देख दुकानदार गदगद हो उठा।नंदलाल ने आगामी 14 फरवरी को आम आदमी पार्टी के चुनाव निशान झाड़ू पर बटन दबाकर उन्हें विजय बनाने की अपील की उन ने कहा कि उत्तराखंड में को अगर दिल्ली जैसा चमकाना है, उत्तराखंड में कर्नल कोठियाल की सरकार जरूरी है। उन्हें कहा कि जिस तरह से दिल्ली के स्कूल चमके हैं, ठीक उसी तरह उत्तराखंड के प्राइमरी स्कूल भी हाईटेक बनेंगे जिससे गरीब से गरीब आदमी अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दे सकें। इस मौके पर उमेश यादव, प्रेम राठौर, विकास, माजिद अली, धर्मेंद्र सिंह, कौशिक गाइन, सोनू, राजा, अधिकारी, इत्यादि लोग थे

www.knlslive.com

# भाजपा प्रत्याशी शिव अरोरा की जीत के लिए मेयर रामपाल सिंह ने पूरी ताकत झोंक दी

दुर्गेश तिवारी
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



रुद्रपुर- भाजपा प्रत्याशी शिव अरोरा की जीत के लिए मेयर रामपाल सिंह ने पूरी ताकत झोंक दी है। शिव अरोरा और पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ मेयर रामपाल सिंह ने जगतपुरा, अटरिया मंदिर, न्यू शक्ति विहार में घर घर जाकर भाजपा के पक्ष में मतदान की अपील की तो वहीं मेयर रामपाल सिंह की धर्मपत्नी अंजू सिंह ने महिलाओं के साथ शिव अरोरा के पक्ष में घर घर प्रचार किया। जनसंपर्क के दौरान लोगों ने भाजपा प्रत्याशी शिव अरोरा और मेयर का फूल मालाओं से स्वागत करते हुए शिव अरोरा को भारी मतों से जीत दिलाने का भरोसा दिलाया। शिव अरोरा के समर्थन में प्रचार करते हुए मेयर रामपाल सिंह ने कहा कि भाजपा ने कार्यकर्ताओं और क्षेत्र की जनता का सम्मान करते हुए जुझारू कर्मठ और ईमानदार प्रत्याशी मैदान में उतारा है, भाजपा प्रत्याशी ने अपने सरल और सादगी भरे व्यवहार से अपनी अलग पहचन बनायी है इसी लिए आज वह जन जन के प्रिय बने हुए हैं। मेयर रामपाल सिंह ने इस चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूत करने के लिए 14 फरवरी को कमल का फूल के निशान वाला बटन दबाने की अपील की। मेयर ने कहा कि भाजपा एक बार फिर उत्तराखण्ड में इतिहास दोहराने जा रही है। पूरे प्रदेश में भाजपा साठ से अधिक सीटें जीतकर एक बार फिर प्रदेश में सरकार बनायेगी और 2025 तक राज्य को सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाने का संकल्प पूरा करेगी।जनसंपर्क के दौरान शिव अरोरा ने कहा कि डबल इंजन की सरकार में ही उत्तराखण्ड के हित सुरक्षित है। शिव अरोरा ने कहा इस चुनाव में वह सेवक बनकर जनता की सेवा के इरादे से मैदान में उतरे हैं। वह पैसा कमाने नहीं बल्कि जनता का विश्वास जीतने के लिए आये हैं। उन्हें हर वर्ग का समर्थन आशीर्वाद के रूप में मिल रहा है। कार्यकर्ताओं में जो जोश देखने को मिल रहा है उससे आगामी 10 मार्च को एक बार फिर रूद्रपुर विधानसभा में कमल खिलने जा रहा है।जनसंपर्क के दौरान पार्षद निमित्त शर्मा, राधेश शर्मा, वेद ठुकराल, राजेश जग्गा, बलाई विश्वास, नरेश उप्रेती, विजय डे, शिव कुमार शिबू, सौरभ गाबा,ललित बिष्ट, अंजू सिंह के अलावा भारी संख्या में लोग मौजूद थे।

## मुख्य चुनाव कार्यालय पर आए शहर के जिम्मेदारआन व्यक्तियों का स्वागत किया



मौ.युसूफ
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद- हाजी रिजवान कुरैशी विधानसभा 28 प्रत्याशी ने आज सुबह मुख्य चुनाव कार्यालय पर आए शहर के जिम्मेदारआन व्यक्तियों का स्वागत किया उनके उपरांत महिला अध्यक्ष श्रीमती महक वारसी के साथ शहर के मुख्य मोहल्ले बलदेव पुरी कल्याणपुर गुलाब बाड़ी इत्यादि क्षेत्रों में जनसंपर्क क्या जहां लोगों ने हाजी रिजवान कुरैशी के पक्ष में मतदान करने का भरपूर भरोसा दिया तथा हाजी रिजवान कुरैशी के सर पर हाथ रख कर अपने आशीर्वाद से नवाजा तथा लोगों ने युवा शख्सियत विधायक के चुनने की मांग की शाम को मियां कॉलोनी करुला में जनसंपर्क किया जहां भारी संख्या महिलाओं ने तथा पुरुषों ने हाजी रिजवान कुरैशी के पक्ष में नारेबाजी की कहां इस बार सिर्फ हाथ के पंजे पर बटन दबाना है ताकि हमें कोई अफसोस ना हो सके उसके बाद मुख्य चुनाव कार्यालय पर ए आई एम आई एम पार्टी के लगभग 50 पदाधिकारियों ने मोहम्मद आमिर के सात हाजी रिजवान कुरैशी द्वारा कांग्रेश की सदस्य ग्रह की तथा हाजी रिजवान कुरैशी को भारी बहुमत से जीतने का आशीर्वाद दिया

## विधानसभा चुनाव के मद्देनजर अर्धसैनिक बलों ने किया फ्लैग मार्च



सगीर चंकी पांडे
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद-ठाकुरद्वारा-नगर विधानसभा चुनाव शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए दंगा नियंत्रण यंत्र और शस्त्र से लैस होकर ठाकुरद्वारा नगर मुख्य मार्गो से, निकाला कोतवाली पुलिस ने अर्धसैनिक बलों ने फ्लैग मार्च किया।विधानसभा चुनाव जनपद में दूसरे चरण में होने जा रहे हैं। मतदान 14 फरवरी को होगा। इसे लेकर पुलिस प्रशासन ने व्यापक तैयारियां शुरू कर दी है। इसी क्रम में विधानसभा चुनाव के मद्देनजर अर्धसैनिक बलों ने किया फ्लैग मार्च फ्लैक मार्च के दौरान आचार संहिता का ऊँघलन करने वालो को भी ह?काया व नगर में शॉप पर लगे फ्लेक्स बैनर हटवाए अर्धसैनिक बलों ने पुलिस के साथ दंगा नियंत्रण यंत्र और शस्त्रों के साथ नगर के कोतवाली से मार्च किया। फ्लैग मार्च ब?ा बाजार जमनावाला रोड , छराया , होते हुए हाइवे रोड से होकर बस स्टैंड पर मुख्य मार्गो से निकाला गया। फ्लैग मार्च में अर्धसैनिक बल और प्रभारी निरीक्षक मोहित चौधरी , एस0आई0 रवीन्द्र सिंह , कास्टेबल नीटू वालियान, राहुल तालियांन, सहित भारी पुलिस बल मौजूद रहा

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# गांव में घुसा तेंदुआ 7 ग्रामीणों को किया घायल गांव में दहशत का माहौल



नाजिम हुसैन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद- थाना डिलारी क्षेत्र के गांव मुलावान में गांव में घुसकर तेंदुए ने लोगों पर हमला कर दिया जिससे चार लोग गंभीर रूप से बे अन्य और तीन लोग घायल हो गए तेंदुए ने मंगलवार की रात करीब 2=00 बजे गांव में घुसकर हमला कर दिया जिससे गांव में दहशत का माहौल है क?कडाती ठंड में गर्म लिहाफो मैं सो रहे लोगों पर तेंदुए ने हमला बोल दिया । जिसमें 4 बच्चों सहित 7 लोग घायल हो गए । तेदुएं को देख परिजनों की रूह कांप उठी । शोर-शराबे की सूचना पर भीड़ एकत्र होती देख तेंदुआ जंगलों में समा गया । मामला थाना डिलारी के गांव मूलावान का है द्ध बीती रात बाशिंदे अपने घरों में लिहाफ और कंबल लपेटकर सो रहे थे ,कि आधी रात को अचानक गांव के आरिफ के घर से चीख पुकार होने ब बचाओ-बचाओ के बीच तेंदुए ने हमला कर दिया। आसपास के घरों के लोग जाग गए और घटना की और दोडे । लेकिन अलग अलग घरो से चीख्रें गूंजने लगी और फिर एक और घर से यही चीखें आई तो गांव में जाग हो गई। गांव में कोहराम मच गया और ग्रामीण रातभर अपने बच्चों की हिफाजत करने लगे। तेंदुए के हमले से चार बच्चों समेत सात लोग जख्मी हो गए। पुलिस को सूचना दी गई तो वन विभाग की टीम भी आ गई, लेकिन कुछ साफ नहीं हो सका। दोपहर में फिर वन विभाग की टीम ने गांव का दौरा किया, हालांकि टीम का कहना है ,कि पैरों के निशान और हमले से लगता है कि तेंदुआ नहीं आया था। हमलावर कौन से जानवर हुआ यह बताने की स्थिति में टीम नहीं थी। डिलारी क्षेत्र के मूलावान गांव में आधी रात को तेंदुए ने गांव के अलग-अलग घरों में हमला कर दिया ।इरफान अहमद, सुकलीन और आरिफ के घर हमला किया। हमले में छोटे ( 4 ) साकिब ( 6 ) अल्फिजा ( 10 ) उज्मा ( 4 ) के साथ अनतुम, इरफान आदि को जख्मी कर दिया। ग्रामीण गुड्डू ने बताया कि रात में घना कोहरा होने के कारण घरों से बाहर कुछ दिखाई नहीं दे रहा था। रात करीब डे? बजे जानवर ने कई घरों में हमला किया। देखने में वह तेंदुआ ही लग रहा था। गांव के लोगों ने शोर मचाकर तेंदुए को भगाने का प्रयास किया। ग्राम प्रधान गब्बन ने बताया ,कि रात भर पूरा गांव जाग कर बच्चों की हिफाजत करता रहा। रातभर लोग शोर शराबा करते रहे। उन्होंने पुलिस को फोन किया था, लेकिन पुलिस नहीं आई। त?के चार बजे वन विभाग की टीम आ गई थी, लेकिन उन्हें कुछ समल्झ नहीं आया । मूलावान गांव के ग्रामीणों का कहना है कि तेंदुए ने हमला किया है लेकिन वन विभाग की टीम का कहना है कि अन्य किसी जानवर ने हमला किया । दोपहर करीब सा? बारह बजे फिर वन विभाग की टीम ने गांव का दौरा किया। उन्होंने घायलों के परिजन से जानवर की बाबत पूछताछ की और आसपास से जानवर के पेरों के निशान का नमूना भी लिया। बीट इंचार्ज गणेश ने बताया कि तेंदुआ की पहचान नहीं हो रही है। पेरों के निशान अलग हैं और हमला करने का तरीका भी। तेंदुआ गले पर वार करता है जबकि घायलों के सिर, गाल आदि पर पंजे के निशान हैं। गणेश ने कहा कि हमला करने वाला कौन से जानवर था, यह अभी नहीं कहा जा सकता है। वह एकत्र किए साक्ष्य को जांच के लिए भेज रहे हैं। ग्रामीणों को सतर्क रहने की हिदायत दी गई है। उधर ग्रामीणों ने गांव में वन विभाग अधिकारियों से गांव में पिंजरा लगवाने एवं जंगली जानवर को जल्द पकड़ने की मांग की है।

www.knlslive.com

## वार्ड 48 के युवाओं ने पहुंचकर वकी राशिद साहब से शानदार मुलाकात की



मौ.युसूफ
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद-विधानसभा 28 के,द्धस्द्धरू प्रत्याशी हाजी वकी राशिद के कार्यालय पर वार्ड 48 के युवाओं ने पहुंचकर वकी राशिद साहब से शानदार मुलाकात की और वकी राशिद साहब को फूल माला पहनाकर उनका स्वागत किया फिर अपने समर्थकों साथ करोला क्षेत्र में पहुंचकर घर-घर जाकर लोगों से मुलाकात की क्षेत्र के लोगों ने भी उन उनका स्वागत किया वकी राशिद ने लोगों से असदुद्दीन ओवैसी साहब क दामन मजबूत करने को आहान किया और पतंग का बटन दबाने की गुजारिश की याद रहे यह वही वकि राशिद हैं जिन्होंने ईदगाह में एनआरसी धरने का नेतृत्व किया था और धरना 2 महीने तक चला था

*अन्य खबरों के लिए देखे*
WWW.KNLSIVE.COM

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

**क्यूँ न लिखूँ सच**

*स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेशद्व से प्रकाशित एवं वितरित किया।*

*संपादक - नरेश राज शर्मा*
*मो. 9027776991*
Title Code : UPBIL05086

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।*

## संपादकीय Editorial


# The ifs and buts of economics

If there is no further wave of corona epidemic, the monsoon is fine, due to the increase in the interest rate in the US, there is not much turmoil in the financial market, and the price of crude oil in the international market is close to $ 70-75 per barrel, then the country will be next Will achieve GDP growth rate of eight and a half percent in the financial year An example of the careless attitude of the government towards the country's economy is its attitude towards the post of Chief Economic Adviser to the Government of India. Economic survey has a special importance in the government. It is a document of the long-term thinking of the government, whereas the budget is considered a document of annual income-expenditure and itemization of schemes. Therefore, people who have a special eye on the direction and condition of the economy,They wait for the Economic Survey more than the budget. Traditionally, the Economic Survey is presented under the signature of the Chief Economic Adviser to the Government of India. But this time the post remained vacant for months. V Anantha Nageswaran's appointment to the post was made just two days before the date of presentation of this time's Economic Survey. Obviously, he had no role in this.The survey was prepared by Principal Advisor Sanjeev Sanyal, who is much talked about because of his controversial views on history. However, only one section of the survey that was presented came out this time. Newspapers reported that this happened because the post of Chief Economic Advisor remained vacant. In such a situation, if the seriousness of a very important document becomes doubtful, then there is no surprise in it. By the way, in this document an attempt has been made to present a rosy picture of the economy.But many pre-conditions have been added to it. That is, if the wave of corona epidemic did not come further, the monsoon was fine, there was not much turmoil in the financial market due to the increase in the interest rate in America, and the price of crude oil in the international market remained close to $ 70-75 per barrel, then the country It will achieve GDP growth rate of eight and a half percent in the next financial year. Obviously, these are huge ifs and buts.The price of crude oil is now close to $90. Investors are already withdrawing money from emerging economies due to rising interest rates in the US. In such a situation, even if the monsoon is fine and there is no further epidemic, will the growth rate that has been estimated be achieved? The government has said that the tax collection will be more than expected. But it has been forgotten that how heavy this success is falling on the common man.

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# Nusrat Jahan said on marrying Yash Dasgupta - we do not need

Bengali actress and TMC MP Nusrat Jahan remains in the news for her personal life more than her professional work. For the last two years, there has been a lot of ruckus on everything from their marriage, divorce or pregnancy. Last year, when she gave birth to her son Ishaan, people trolled her because the actress' ex-husband had claimed that Ishaan was not her son. Along with this Nusrat's name actor Yash Dasgupta was added.And since then she has been in the news for constant affair and speculations of getting married again. However, now the actress has reacted to the speculations of her marriage with Dasgupta and has confessed in gestures that she is married to Das Gupta. They have been together since 2020 and have a child together.Nusrat was seen with Das on many occasions - Significantly, when Nusrat Jahan gave birth to son Ishaan on 26 August, there was a lot of uproar about the father of the child. However, when the child's birth certificate came out, it is clear who is the father of his son. Yash Dasgupta's name was written on the child's birth certificate and it was proved that he is the father of the child.At the same time, when Nusrat returned home after baby birth, Yash was seen holding the newborn in her lap. Apart from this, there were many occasions when Nusrat was seen with actor Yash Dasgupta. If reports are to be believed, Nusrat is live-in with Dasgupta these days. Nusrat and Yash are in a relationship since 2020.Doesn't want to talk to anyone about personal life - In the midst of all this, when the actress was asked about her personal life and things related to marriage in a conversation with 'India Today', she replied saying, 'Not me. Know why people were so upset about the whole wedding thing. They keep asking me. I mean, what do you expect? That I should call everyone and say that hey, I am married.If so, then you are expecting the wrong thing. If I prefer not to talk about my personal life, that's my choice, isn't it? I think two married people themselves should know. If they are happy, what more can they want?'There is no need to get married again - during the conversation when she was asked whether she and Yash were married? So Nusrat replied in a veiled manner, "We don't need to get married again. How does it feel?" , Let us inform that Nusrat married businessman Nikhil Jain in Turkey in 2019. In June 2021, she had said that their marriage was void under Indian laws.



## आयोग द्वारा नियुक्त प्रेक्षक पहुंचे कलैक्ट्रेट, नामांकन प्रक्रिया का किया अवलोकन



निशाकांत शर्मा

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-जनपद कासगंज के अन्तर्गत विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2022 को स्वतंत्र, निष्पक्ष, निर्विघ्न एवं सकुशल सम्पन्न कराए जाने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभाट्र100 कासगंज, विधानसभा101 अमांपुर, विधानसभा 102 पटियाली के लिए तैनात प्रेक्षकों ने नामांकन स्थल का कलैक्ट्रेट परिसर में बारीकी से निरीक्षण किया, जिला निर्वाचन अधिकारी / जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने तीनों विधानसभाओं के लिए बनाए गए कक्षों का अवलोकन कराते हुए उन्हें आवश्यक जानकारी दी! जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने उन्हें बताया कि आयोग के निर्देश के अनुपालन में स्वीप के अन्तर्गत वोटरों को मतदान का महत्व समझाते हुए मतदान के प्रति आकर्षित किया गया है जिससे मतदान का प्रतिशत बढ़ सके! भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रट्र100 कासगंज के लिए एच राजेश प्रसाद,आई.ए.एस ,विधानसभा क्षेत्र 101 अमांपुर के लिए जितिन यादव आई ए एस, विधानसभा क्षेत्र 102 पटियाली के लिए के. एस कदासानी आई एस को तैनात किया गया है तीनों विधानसभाओं के लिए व्यय प्रेक्षक राजेश त्रिपाठी होंगे जबकि पुलिस प्रेक्षक के रूप में सांग नोरबू मोसोबी दिल्ली से यहाँ पहुँच चुके हैं!

## एटा जनपद में कोई पार्टी किसी मुस्लिम व्यक्ति को प्रत्याशी नहीं बना सकती

निशाकांत शर्मा

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-यों को नहीं दिलाना चाहिए यदि हमारे मुस्लिम नेता अपना वजूद बनाए रखना चाहते हैं तो उन्हें सोच समझकर किसी भी एक पार्टी को वोट करना चाहिए अब सवाल उठता है कि किसको करें सपा को पिछले 32 सालों से मुस्लिम भाई वोट देते और डालते आ रहे हैं लेकिन जीतने के बाद प्रत्याशी यही कहता है कि हमें मुसलमानों ( कुछ अपशब्दों के साथ ) ने बोट नहीं दिया हम तो अपने बूते पर जीते हैं यही हाल व सपा का है और भाजपा क्यों कहेगी कि हमें मुस्लिम वोट मिला ऐसे हालात में और आज के दौर में हम सभी मुस्लिम भाइयों को चाहिए कि 32 साल से इंतजार कर रही कांग्रेस पार्टी जो सत्ता में आ रही है उसे वोट करें और अपने वोटों की गिनती का एहसास सभी राजनीतिक दलों को करा दें जय कांग्रेस विजय कांग्रेस

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्यूरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए

9027776991

knlslive@gmail.com

# हिन्दू मुस्लिम एकता की मिसाल मारहरा विधान सभा





निशाकांत शर्मा

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-! जिले में हिन्दू मुस्लिम एकता का प्राचीन इतिहास समेटे यादव एवं लोधी व मुस्लिम बाहुल 105 विधान सभा क्षेत्र मारहरा में इन दिनों 2022 के विधान सभा सामान्य निर्वाचन का भूत लोगों के दिमाग पर सवार है ! इस विधान सभा क्षेत्र के गांव व गली मुहल्लों में रहने वाले सभी धर्मो एवं वर्गो के लोग चुनाव में किसको वोट करना है किसकी सरकार बनेगी एवं किस राजनैतिक पार्टी ने सरकार में रहते हुए जनमानस के विकास के लिए क्या क्या कार्य किऐ हैं, इन पर फोकस चल रहा है ! समाजवादी पार्टी ने यहां से अपने पूर्व विधायक अमित गौरव यादव टीटू को चुनावी महासंग्राम में युद्ध लडने के लिए अखाड़े में उतारा है तो भाजपा ने अपने सिटिगं विधायक वीरेन्द्र सिहं लोधी पर पुन÷ दांव लगाया है ! बसपा ने भी योगेश शाक्य एड0 तो कांग्रेस पार्टी ने भी यहां से श्रीमती तारा राजपूत को मैदाने-ए-जगं में उतारकर चुनावी दगंल को रोमांचक कर दिया है ! इसके अलावा आम आदमी पार्टी सहित कुछ अन्य क्षेत्रिय दलों के व निर्दलीय उम्मीदवार भी अपने बजूद का ऐहसास कराने के लिए चुनावी महासंग्राम में कूद पडे है ! लेकिन यहां के अवाम की फिलहाल जो नब्ज टटोली गयी है उससे यह साफ हो जाता है कि मतदान के दिन सपा एवं भाजपा में ही कश्मकश होने की संभावना है तथा तीसरे नंबर पर किस पार्टी का उम्मीदवार अपनी जगह बना पाऐगा यह गर्त में छिपा हुआ है ! इस विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत मतदाताओं का आकंलन किया जावे तो पिछले चुनाव 2017 में यहां 3 लाख 52 हजार 222 मतदाता थे जिनमें 1 लाख 60 हजार पुरूष व 1 लाख 36 हजार महिला मतदाता मौजूद रहे ! 2017 के समपन्न विधान सभा चुनाव में भाजपा के विजेता उम्मीदवार वीरेन्द्र सिहं लोधी को 92507 मत प्राप्त हुऐ थे तो वही सपा के अमित गौरव यादव टीटू 33432 मत प्राप्त कर दूसरे स्थान पर रहे ! इसी तरह 2008 में हुऐ परिसीमन के बाद विधान सभा सीट मारहरा के प्रथम बार 2012 में समपन्न हुऐ चुनाव में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी अमित गौरव यादव टीटू 61827 मत प्राप्त कर विजय वरण किया था , उस दौरान राष्ट्रीय क्रांति पार्टी के उम्मीदवार वीरेन्द्र सिहं लोधी 39571 मत प्राप्त कर दूसरे स्थान पर खिसक लिए थे एवं बीएसपी के उम्मीदवार नन्नू सिहं वर्मा 30340 मत प्राप्त कर तीसरे स्थान पर पहुंच गए थे तथा भाजपा के प्रत्याशी विपिन वर्मा डेविड को चौथा स्थान प्राप्त हुआ था ! बताते चलें कि मारहरा का प्राचीन इतिहास हिन्दू मुस्लिम एकता की मिसाल रहा है ! यहां मारहरा कस्बे में खानकाहे बरकातिया दरगाह पर प्रत्येक वर्ष हजरत सैय्यद शाह अबुल हुसैन नूरी की याद में बडे स्तर पर उर्से नूरी का आयोजन किया जाता है जिसमें देश विदेश के जायरीन आते हैं ! बताया जाता है कि मारहरा कस्बे की नींव अलाउद्दीन खिलजी के दौर में रखी गयी थी तथा अलाउद्दीन खिलजी के जिलेदार राजपूत राजा मुनिराज ने इस कस्बे की नींव डाली ! शेरशाह सूरी के शासन काल में मारहरा को परगना घोषित किया गया था ! मारहरा कस्बा आदिकाल में स्वरूप गंज गांव के नाम से विख्यात रहा ! 2008 के परिसीमन से पूर्व मारहरा विधान सभा सीट का नाम निधौली कलाँ विधान सभा सीट रहा तथा एक बार रामनरेश यादव यहां से जीतकर उत्तर प्रदेश सरकार में मुख्यमंत्री बने थे ! उत्तर प्रदेश विधान परिषद् के निवर्तमान सभापति रमेश बाबू यादव भी निधौली कलाँ विधान सभा सीट से एक बार विधायक रहे हैं तो वहीं इस समय सपा के उम्मीदवार अमित गौरव यादव टीटू के पिता स्वर्गीय अनिल कुमार सिंह यादव भी निधौली कलाँ विधान सभा सीट से विधायक रहे एवं भाजपा के पूर्व एमएलसी सुधाकर वर्मा व स्वर्गीय ओमप्रकाश यादव भी भाजपा से विधायक रह चुके हैं ! ज्ञातव्य हो कि जब सुधाकर वर्मा भाजपा से चुनाव जीते थे उस दौरान बतौर उम्मीदवार स्वर्गीयअनिल कुमार सिंह यादव एवं निवर्तमान सभापति रमेश बाबू यादव के लघुभ्राता स्वर्गीय दिनेश चन्द्र यादव के मध्य हुऐ जबर्दस्त गोली कांड में दिनेश चन्द्र यादव सीने में गोली खाकर वीरगति को प्राप्त हो गऐ थे तथा उसके बाद हुऐ विधान सभा चुनाव में स्वर्गीय दिनेश चन्द्र यादव की पत्नी श्रीमती ऊषा यादव ने विजय पताका फहरायी थी

## कासगंज-रेलवे की हाई पावर लाइन की चपेट में आया युवक

निशाकांत शर्मा

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-युवक की हुई मौके पर मौत, ट्रेन की छत पर गया था युवक सचिन, एफसीआई गोदाम पर ट्रक चलाता था युवक, रेलवे माल गोदाम पर ट्रक लेकर गया था युवक, बदायूं जनपद के थाना उझानी क्षेत्र के नगला बेनी का रहने वाला था युवक, ,कासगंज कोतवाली के सहावर गेट स्थित रेलवे माल गोदाम की घटना।

## अधिवक्ताओ के लिए निराशाजनक बजट

निशाकांत शर्मा

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण जी द्वारा पेश बजट हम अधिवक्ताओ के लिए बहुत ही निराशाजनक रहा। हम अधिवक्ताओ को उम्मीद थी कि इस बार के बजट में अधिवक्ताओ की सुरक्षा, चिकित्सा,आवास, पेंशन,बीमा, नए अधिवक्ता साथियो के लिए प्रोत्साहन राशि आदि को केंद्रीय बजट में स्थान जरूर दिया जाएगा पर इस बार भी बजट में अधिवक्तता हितों के लिए कोई प्राविधान ना होने से हिंदुस्तान के लाखों अधिवक्ताओ में घोर निराशा।

## पैरामिलिट्री फोर्स के साथ फ्लैग मार्च/ एरिया डॉमिनेशन कर आमजन को कराया गया सुरक्षा का एहसास

निशाकांत शर्मा

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- एसएसपी एटा के निर्देशन में आगामी विधानसभा चुनावों के दृष्टिगत जनपदीय पुलिस द्वारा संदिग्ध क्षेत्रों में ड्रोन द्वारा तलाशी अभियान चलाकर तथा पैरामिलिट्री फोर्स के साथ फ्लैग मार्च/ एरिया डॉमिनेशन कर आमजन को कराया गया सुरक्षा का एहसास। उत्तर प्रदेश आगामी विधानसभा निर्वाचन-2022 को शांतिपूर्ण एवं सकुशल संपन्न कराये जाने के दृष्टिगत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा श्री उदय शंकर सिंह के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक एटा श्री धनंजय कुशवाहा के निकट पर्यवेक्षण में अवैध शराब के निष्कर्षण के संबंध में थाना जैथरा क्षेत्रांतर्गत धुमरी चिलमापुर निजामाबाद कठिंगरा के जंगल और झा?ियों आदि दुर्गम और संदिग्ध क्षेत्रों में पर्याप्त पुलिस बल एवं ड्रोन टीम द्वारा तलाशी अभियान चलाया गया। एसएसपी एटा द्वारा बताया गया कि आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर जनपदीय पुलिस पहले से तैयार है तथा विभिन्न थाना क्षेत्रों के उन गांवों पर विशेष नजर है, जो गांव पहले से अवैध कारोबार में लिप्त है या अतिसंवेदनशील / अतिविशिष्ट संवेदनशील श्रेणी में आते हैं, उन सभी गांवों को चिन्हित कर लिया गया है, सभी गांवों में किसी भी स्थिति की निगरानी के लिए ड्रोन कैमरे का इस्तेमाल किया जाएगा। साथ ही जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में क्षेत्राधिकारीयों के नेतृत्व में जनपद के सभी सर्किलों के थाना क्षेत्रों के पुलिस बल एवं पैरामिलिट्री फोर्स के साथ विभिन्न गांव में फ्लैग मार्च/ एरिया डोमिनेशन किया गया। फ्लैग मार्च/एरिया डोमिनेशन कर आम जनमानस में सुरक्षा का एहसास कराया गया गाइडलाइंस का पालन करते हुए सकुशल चुनाव संपन्न कराने का संदेश दिया गया।

# ग्रामीणों की सजगता से 5 बाल श्रमिक हुए मुक्त



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- ग्राम पचिरा के ग्रामीणों भवन निर्माण कार्य लगे बच्चों का सजगता से मुक्त कराया। उन्होंने महिला बाल विकास विभाग को जानकारी दी, जिस पर संयुक्त टीम ने एक दिन में 5 बाल श्रमिकों को मुक्त करा कर बाल कल्याण समिति में प्रस्तुत किया जहां से सभी बच्चों को उनके अभिभावकों को समझाईश दी गई। वहीं श्रम विभाग द्वारा नियोजको पर कार्यवाही की जा रही है। सूरजपुर से सटे पचिरा और तिलसीवां मे भवन निर्माण के काम में बाल श्रमिकों को लगाया गया था। जिसकी जानकारी जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री सी.एस. सिसोदिया एवं श्रम अधिकारी श्री घनश्याम पाणीग्राही को दी गई तत्तपश्चात निर्देशानुसार जिला बाल संरक्षण अधिकारी मनोज जायसवाल के नेतृत्व में कार्यस्थल पर रेस्क्यू किया गया। जहां छोटे-छोटे बच्चों से काम कराते पाया गया। जिसमे लांजीत ओ?गी के 13 वर्षिय 15 वर्षिय एवं 16 वर्षिय बालक काम कर रहे थे। वही दुसरे भवन निर्माण में लांची के 16 वर्षिय बालक एवं 17 वर्षिय बालक काम करते पाये गयें। जिन्हें संयुक्त टीम द्वारा रेस्क्यू किया गया। साथ ही मौके पर श्रम कल्याण अधिकारी रमेश साहू ने प्रकरण बनाया गया। जिला बाल संरक्षण अधिकार व चाईल्ड लाईन द्वारा बच्चों को बाल कल्याण समिति सूरजपुर में प्रस्तुत किया गया। बालको द्वारा किये गये कार्य का मजदूरी भी मौके पर दिलवाया गया। बाल कल्याण समिति द्वारा बच्चों को उनके अभिभावकों को समझाईश देकर सुपूर्द किया गया। उन्हें समझाया गया कि सभी बच्चे स्कूल में प?ाई करने वाले हैं उन्हें अच्छे से पढाये-लिखाये, अभी अनकी उम्र श्रम करने की नहीं है। बाल श्रम अपराध है। अभिभावकों ने बाल कल्याण समिति के समक्ष वचन दिया कि अपने बच्चों को अच्छे से पढायेंगे। रेस्क्यू टीम में जिला बाल संरक्षण अधिकारी श्री मनोज जायसवाल, श्रम कल्याण अधिकारी श्री रमेश साहू, हेड कॉस्टेबल मुरेश यादव, सोनू प्रसाद, सामाजिक कार्यकर्ता श्रीमती अंजनी साहू पवन धीवर, चाईल्ड लाईन से सुश्री गीता गिरी, रमेश साहू, गोविन्दा साहू, शोभनाथ राजवा? उपस्थित थे।

WWW.KNLSLIVE.COM

# कोविड-19 टीकाकरण को शासकीय कार्य न मानते हुए सामाजिक व नैतिकता के साथ करे

## समन्वय बनाकर टीकाकरण में लोगों को करें प्रेरित

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- देश में फैले वैश्विक महामारी के प्रति केंद्र व राज्य सरकार सभी के प्रति बी सहजता के साथ बे रूप में टीकाकरण का कार्य कर लक्ष्य को पूरा करने में टीम के साथ लगा हुआ है। इसी क?ी में आज जिला पंचायत के सभाकक्ष में कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह के निर्देश पर जिला सीईओ राहुल देव व संयुक्त कलेक्टर शिव बनर्जी की अगुवाई में बैठक आहूत की गई। बैठक में जिले के समस्त हाई व हायर सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्य, जनपद सीईओ, पीओ सहित अन्य को शत-प्रतिशत टीका कराने के निर्देश दिए साथ ही टीकाकरण में कहां पर समस्या आ रही है, उसको दूर करने की बात कही गई। उन्होंने टीकाकरण लक्ष्य को प्राथमिकता से पूरा करने के सख्त निर्देश दिए। लोगों को प्रेरित कर टीकाकरण को पूर्ण करने कहा, साथ कई स्कूलों में 14 प्लस वाले बच्चों को भी टीका लगाने में जो समस्या आ रही है उस समस्या को दूर करते हुए जिन्होंने क्राइटेरिया पूर्ण कर लिया है उन्हें लगवाने के निर्देश दिए।



### स्कूलों में लगेगा वैक्सीन

बैठक में बताया गया कि अब सभी हाई व हायर सेकेन्डरी स्कूलों में टीकाकरण अभियान चलाकर वैक्सीन लगाने की बात कही, सभी हाई व हायर सेकेन्डरी स्कूलों के प्राचार्य और बीईओ को बताया गया साथ ही जिस भी बच्चों को को वैक्सीन के 28 दिन पूरे हो चुके हैं, उन्हें दूसरा डोज लगाने की बात कही गांव-गांव के सभी पात्र हितग्राहियों को लगवाने प्रेरित करने की बात भी कही।

### कोविंन पोर्टल में एंट्री कराना करें सुनिश्चित

बैठक में टीकाकरण के बाद कोविन पोर्टल में एंट्री कराना सभी प्रभारी सुनिश्चित करें तभी माना जाएगा कि शत् प्रतिशत टीकाकरण हुआ है। अनुपस्थित कर्मचारियों को शो कॉज नोटिस जारी करने के लिए निर्देश बैठक के पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया गया था कि समस्त हायर सेकेंडरी व हाई स्कूल के प्राचार्य को मीटिंग में अनिवार्य रूप से उपस्थित होना है। डीईओ के अनुमति के बिना मीटिंग में नहीं आए। उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी करने के जिला सीईओ ने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया। इस दौरान सीएमएचओ डॉ. आरएस सिंह, कार्यक्रम अधिकारी चंद्रबेश सिंह सिसोदिया, जिला शिक्षा अधिकारी विनोद राय, मनरेगा एपीओ डॉ. केएम पाठक, डीएमसी शशिकांत सिंह एवं समस्त जनपद सीईओ समस्त बीईओ एवं प्राचार्यगण जिला पंचायत मीटिंग हॉल में उपस्थित रहे।

# सीईओ ने की मनरेगा सहित विभिन्न कार्यों की समीक्षा

## गौठानो में मल्टी एक्टिविटी के कार्य निरंतर जारी रखें - सीईओ

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- कलेक्टर के निर्देश पर जिला पंचायत सीईओ श्री राहुल देव ने जिले में मनरेगा अंतर्गत संचालित विकासात्मक एवं विभिन्न विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों की विकासखंड वार कार्यों के प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने शासन की महत्वाकांक्षी योजना नरवा, गरवा, घुरवा, बा?ी अंतर्गत विकास कार्य किए जा रहे हैं, उन्हें प्राथमिकता के साथ करते हुए निरंतर कार्य जारी रखने के निर्देश दिए हैं तथा प्रत्येक गौठानो में रोजगार की उपलब्धता बनी रहे उसके लिए निरंतर मल्टी एक्टिविटी के कार्य को जारी रखने कहा है। उन्होंने मनरेगा अंतर्गत सभी विकास खंडों में विभिन्न कार्य किए जा रहे हैं निर्धारित कार्य दिवस के लक्ष्य को ध्यान में रखकर महिलाओं को प्राथमिकता से कार्य देने कहा है। उन्होंने वन अधिकार पत्र प्राप्त हितग्राहियों को भी मनरेगा अंतर्गत कार्य उपलब्ध कराने कहा है तथा भुगतान की प्रक्रिया समय अवधि में करने के निर्देश दिए। जिला पंचायत सीईओ ने मनरेगा अंतर्गत संचालित



समस्त कार्यों को समय अवधि में पूर्ण करने निर्देशित किया। उन्होंने नरवा, धान चबूतरा निर्माण, गौठान के प्रगति रत कार्य, आंगनबा?ी भवन निर्माण की प्रगति के कार्य, पंचायत के वसूली संबंधी कार्य को समय अवधि में पूर्ण करने कहां है। उन्होंने सभी जनपद सीईओ को सभी गौठानों में मल्टी एक्टिविटी के कार्यों हेतु मुर्गी शेड, बकरी शेड, मछली पालन, मशरूम सहित अन्य गतिविधियां निरंतर संचालित करने जिले के सभी गौठनो में प्रारंभ करें निर्देशित किया है। जिससे रोजगार की उपलब्धता निरंतर बनी रहे। उन्होंने गौठनों में गोधन न्याय योजना अंतर्गत गोबर खरीदी करने, खाद निर्माण करने, खाद की बिक्री करने निर्देशित किया है। जिला पंचायत सीईओ ने जिन गौठानो में गोबर खरीदी नहीं की जा रही है, वहां प्राथमिकता के साथ गोबर खरीदी की व्यवस्था सुनिश्चित करने जनपद सीईओ को दिए हैं। उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत किए जा रहे शौचालय निर्माण कार्यों की समीक्षा की तथा शौचालय को गुणवत्ता युक्त निर्माण करने के निर्देश दिए हैं तथा अपूर्ण है उन्हें शीघ्र पूर्ण करने कहा है। उन्होंने जल जीवन मिशन के अंतर्गत घर घर पानी पहुंचाने का कार्य चल रहा है उस पर निर्धारित गाइडलाईन का पालन करते हुए पाइप एवं पंप लगाने स्कूल, आंगनबा?ी केंद्र, उप स्वास्थ्य केंद्र सहित जहां भी लग रहे हो उसे प्राथमिकता से पूर्ण करने निर्देश दिए। उन्होंने अवैध रेत खनन पर कार्रवाई करने की जानकारी लेकर सरपंच सचिव के माध्यम से जानकारी लेकर अवैध रेत पर कार्रवाई करने कहा है। जिले में प्रधानमंत्री स?क ग्राम योजना तहत बनाए जा रहे, स?कों के निर्माण कार्य का निरीक्षण भी करने निर्देशित किया। सभी जनपद पंचायत सीईओ, तकनीकी सहायक, पी ओ उपस्थित थे।

# 04 फरवरी 2022 को जिले के समस्त स्वास्थ्य केन्द्रों में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय विश्व कैंसर दिवस




रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह के निर्देशानुसार एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आरएस सिंह एवं सिविल सर्जन मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. शशि तिर्की के मार्गदर्शन में एन.पी.सी.डी.सी.एस. कार्यक्रम अंतर्गत के समस्त स्वास्थ्य केन्द्रों में 04 फरवरी 2022 को कोविड- 19 अनुरूप व्यवहार का पालन करते हुए विश्व कैंसर दिवस का आयोजन किया जायेगा। एन.पी.सी.डी.सी.एस. कार्यक्रम अंतर्गत 30 वर्ष से अधिक के समस्त पुरूष एवं महिला अपने नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्रों में जाकर कैंसर का स्क्रीनिंग करा सकते हैं एवं ब्लड प्रेशर तथा ब्लड शुगर का जांच भी नि:शुल्क किया जाएगा। एन.सी.डी. जिला नोडल अधिकारी डॉ. दीपक जायसवाल ने बताया कि गर्भाशय कैंसर के जांच हेतु वी.आई.ए. टेस्ट जिले के समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों तथा जिला चिकित्सालय में नि:शुल्क सुविधा प्रशिक्षित डाक्टर्स एवं स्टाफ नर्सों के द्वारा किया जाएगा।

# चुनाव प्रशिक्षण में 98 कार्मिक गैर हाजिर, दर्ज़ होगा मुकदमा

शुभम शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ़ - विधानसभा चुनाव को लेकर कार्मिकों का द्वितीय प्रशिक्षण शुरू हो गया है। दो पालियों में विवेकानंद कालेज और कृष्णा इंटरनेशनल स्कूल में प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में कुल 98 कार्मिक गैर हाजिर रहे। सभी गैर हाजिर कार्मिकों के खिलाफ डीएम सेल्वा कुमारी जे. व सीडीओ अंकित खंडेलवाल ने मुकदमा दर्ज करने के आदेश कर दिए हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा, सभी कार्मिक



निर्देशों से अपडेट होकर जिले में स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण माहौल में निर्वाचन संपन्न कराने के लिये निष्पक्ष होकर पारदर्शिता के साथ अपने दायित्वों को निभाएं।

# अलीगढ़ रेलवे को रेल बजट में नहीं मिला कुछ




शुभम शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ़ - बजट में रेल एक्सप्रेस सरपट दौड़ी, भविष्य में यात्रियों के लिए सुविधा के तमाम इंतजाम हैं के वादे किए गए। 400 के करीब वंदे भारत ट्रेनों को नई दिल्ली-हावड़ा ट्रैक पर अगले कुछ वर्षों में चलान की बात कही गई, लेकिन कर्मचारी, दैनिक यात्री और कुली के हाथ कुछ भी नहीं आया। अलीगढ़ जंक्शन पर ट्रेनों के ठहराव को लेकर यात्रियों को निराशा हाथ लगी। अलीगढ़-दिल्ली के बीच एक इंटरसिटी ट्रेन चलाने की मांग थी, वहीं नई ट्रेन के संचालन और शताब्दी समेत आधा दर्जन के करीब ट्रेनों का ठहराव की कोई घोषणा नहीं हुई। इधर, रेल कर्मचारियों के लिए बजट निराशाजनक रहा, कर्मचारियों को इनकम टैक्स में कोई रियायत नहीं है, जबकि कर्मचारियों के भत्ते, डीए बंद कर दिए हैं। रेलवे में रिक्त पदों को भरने, नई नौकरी पैदा करने की भी कोई घोषणा नहीं हुई है।

# जनता मांगे यही पुकार ,रितेश गुप्ता अबकी बार

मौ.युसूफ
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद-28 नगर विधानसभा के प्रत्याशी रितेश गुप्ता का तूफानी दौरा दिन प्रतिदिन जारी है इसी क्रम में आज नगर विधायक रितेश गुप्ता की पत्नी एवं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की संयोजिका अल्पना रितेश गुप्ता की जनता से निरंतर संपर्क कर अपने पति के लिए वोट मांग रही है अल्पना रितेश गुप्ता का कहना है भारतीय जनता पार्टी समान रूप से कार्य करती है और वह सबको साथ लेकर चलती है आज प्रदेश गड्ढा मुक्त है हर घर में उजाला है समाजवादी पार्टी की सरकार में लाइट कब जाती थी और कब आती थी कुछ पता नहीं गैस के लिए लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता था आज गैस के सिलेंडर वाला हमारे घर पर आवाज लगाता है और हम उसे कहते हैं गैस नहीं चाहिए यह सब भारतीय जनता पार्टी सरकार की उपलब्धि है योगी जी और मोदी जी ने ऐसे ऐसे कार्य किए हैं यदि आज हम आप लोगों को सरकार की उपलब्धियां बताना चाहें तो पूरा दिन भी कम है हमारी मां बेटियां खुशहाल जीवन जी रही है आज बेटियों के ऊपर आंख उठाकर देखने वाला अपराधी सलाखों के पीछे है आज अल्पना रितेश गुप्ता जी का दौरा सूर्य नगर, विकास नगर , बाल्मीकि बस्ती, सरिता नगर , आदर्श नगर, कुंदनपुर आदि क्षेत्रों में रहा इस मौके पर मुख्य रूप से रमेश सैनी ,सागर, सरोज सैनी पार्षद, संतोष सैनी, राजकुमार सैनी, चंद्र वती सैनी, ओम प्रकाश सैनी ,अजय सैनी, राजकुमार गुप्ता, रानी गोस्वामी, प्रियंका गुप्ता ,शैली गुप्ता, सुशीला शर्मा ,कांता देवी, अंशु गुप्ता ,नैंसी गुप्ता आदि महिलाएं शामिल रहे।

WWW.KNLSLIVE.COM

# भाजपा के साथ गद्दारी करनेवालों की जमानत होगी जब्त -भाजपा प्रत्याशी शिव अरोरा

दुर्गेश तिवारी
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



रूद्रपुर- भाजपा प्रत्याशी शिव अरोरा का तूफानी जनसंपर्क तेज हो गया है। शिव अरोरा के समर्थकों ने उनके चुनाव प्रचार में जान डाल दी है। सब्जी मण्डी मेंजनसंपर्क के दौरान भाजपा प्रत्याशी शिव अरोरा को व्यापारियों ने भारी समर्थन देते हुए विजयी बनाने का आश्वासन दिया।श्री अरोरा ने व्यापारियों से दुकान दुकान पर जाकर समर्थन मांगा और आगामी 14 फरवरी को कमल के निशान का बटन दबाकर विजयी बनाने की अपील की। इस दौरान शिव अरोरा ने कहा ने सब्जी मण्डी की समस्याओं के निराकरण के लिए आश्वस्त करते हुए कहा कि व्यापारियों के हित भाजपा सरकार में सुरक्षित है। उन्होंने कहा कि व्यापारियों के हितों की अनदेखी नहीं होने दी जायेगी। श्री अरोरा ने कहा कि भाजपा सबका साथ सबका विकास के ध्येय पर काम कर रही है। डबल इंजन की सरकार में विकास के नये कीर्तिमान स्थापित हुए है। डबल इंजन की सरकार की विकास परक नीतियां और विकास की सोच इस बार भी चुनाव में जीत का आधार बनेगी। श्री अरोरा ने विरोधियों पर निशाना साधते कहा कि महिलाओं का अपमान और गंदी जुबान अब रूद्रपुर की जनता बर्दाश्त नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा को अपनी मां कहने वालों को अब रूद्रपुर का माहौल खराब करने का मौका नहीं दिया जायेगा। रूद्रपरु की जनता अब शांति और अमन चाहती है। भाजपा सरकार में ही क्षेत्र को खुशहाल और समृद्ध बनाया जा सकता है। श्री अरोरा ने कहा कि कुर्सी की खातिर जिसने मां शब्द को भी कलंकित कर दिया हो उससे जनता की भलाई की उम्मीद नहीं की जा सकती। श्री अरोरा ने कहा कि प्रदेश में भाजपा की प्रचण्ड लहर है। इस लहर में कांग्रेस का तो सूप?ा साफ होगा ही साथ ही बगावत करके भाजपा के साथ विश्वासघात कर रहे लोगों की जमानत भी जब्त होगी। इस दौरान सुरेश शर्मा, राजेश गर्ग ,ओमप्रकाश गाबा, नन्दलाल, शेरसिंह ,मुनीश कुमार, सक्सेना ,कमलेश ,योगेंद्र, बनबारी,हरप्रसाद ,धर्मपाल ,दत्ताराम ,नंदू, घनश्याम ,राजेश ,गौतम आदि समेत तमाम लोग मौजूद थे।

# समस्त तैयारियों को समय से किए जाएं पूर्ण : प्रेक्षक

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



बदायूँ- विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2022 को सकुशल, निर्भीक निष्पक्ष सम्पन्न कराने के लिए प्रेक्षकगणों ने जिला निर्वाचन अधिकारी दीपा रंजन व प्रभारी अधिकारियो के साथ बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की। 116 शेखूपुर के चुनाव प्रेक्षक श्रीनिवास शर्मा, 115 बदायूँ के प्रेक्षक कौशिक हल्दर, 117 दातागंज के प्रेक्षक नीलकंठ टीकम, 113 सहसवान प्रेक्षक, मुरलीधर मलिक, 112 बिसौली के प्रेक्षक कपिल मीना, 114 बिल्सी के प्रेक्षक विवेक क्षेत्रिय ने निर्देश दिए हैं कि भारत निर्वाचन आयोग मंशा के अनुसार ही प्रचार कार्य किया जाए, जो कार्य प्रतिबंधित हैं, उनको किसी भी दशा में न किया जाए, जिन कार्यों को करने की छूट हैं, उनको अनुमति लेकर ही सम्पन्न किया जाए। प्रेक्षकगणों ने प्रभारी अधिकारियों से व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि समस्त प्रकार की व्यवस्थाओं को समय से पूर्ण कर लिया जाए। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार चुनाव को कोविड गाइड के अनुसार सम्पन्न कराया जाए। सभी बूथों पर कोविड हेल्पडेस्क बनाए जाएं, जहां थर्मल स्कैनर, फेसशील्ड, मास्क एवं ग्लब्स की उपलब्धता रहे। समस्त 2733 बूथों पर प्रकाश, बिजली, पानी, शौचालय की व्यवस्था रहे। दिव्यांग व असहाय मतदाताओ को व्हील चेयर की उपलब्धता रहे। सभी नए मतदाताओ तक मतदाता पहचान पत्र एवं वोटर स्लिप समय से पहुंच जाए। क्रटीकल एवं वल्नरेबल बूथों पर वेबकास्टिंग की व्यवस्था रहे। पोलिंग पार्टियाँ बसों से ही रवाना की जाएं। जोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट के वाहनों में जीपीएस की सुविधा रहे। मुख्य विकास अधिकारी/कार्मिक अधिकारी ऋषिराज ने कार्मिकों के प्रशिक्षण से सम्बंधित तथा एम0सी0एम0सी0 की अपर जिलाधिकारी प्रशासन/नोडल ऋतु पुनिया ने एम0सी0एम0सी0 द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। इस अवसर पर सभी सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।

WWW.KNLSLIVE.COM

## तिंदवारी बांदा से भा जा पा प्रत्याशी रामकेश निषाद ने किया क्षेत्र का किया भ्रमण लिया बुजुर्गो का आशीर्वाद



अविनाश चंद्र दीक्षित
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बांदा- बांदा भा जा पा के जिला अध्यक्ष रामकेश निषाद को पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने बांदा की तिंदवारी विधान सभा से पार्टी का प्रत्याशी घोषित करने के बाद आज दिनांक 02.02.2022 को भा जा पा के तिंदवारी प्रत्याशी रामकेश निषाद ने अपने विधान सभा क्षेत्र का भ्रमण कर अपने क्षेत्र की जनता वा बुजुर्गो से आशीर्वाद स्वरूप वोट देने का आशीर्वाद मांगा साथ ही प्रदेश सरकार द्वारा दी जा रही जन सुविधावो के बारे में आम जनता को अवगत कराते हुए प्रधान मंत्री आवास योजना उजवला योजना गरीब कल्याण योजना आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने लिया नामांकन स्थल का जायजा

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच




श्रावस्ती - कोविड-19 प्रोटोकाल का पालन कराते हुए भारत निर्वाचन आयोग के मंशानुसार नामांकन प्रक्रिया को किया जाय पूरा-जिला निर्वाचन अधिकारी। श्रावस्ती,जिला निर्वाचन अधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट नेहा प्रकाश ने नामांकन में कलेक्ट्रेट में स्थित नामांकन स्थल विधानसभा क्षेत्र 289-भिनगा न्यायालय अपर जिलाधिकारी कक्ष संख्या-38 एवं नामांकन स्थल विधानसभा क्षेत्र 290-श्रावस्ती न्यायालय बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी कक्ष संख्या-44 का निरीक्षण कर जायजा लिया। तथा सम्बन्धित रिटर्निंग आफिसरों/सहायक रिटर्निंग आफिसरों को भारत निर्वाचन आयोग के मंशानुरूप कोविड-19 प्रोटोकाल के अनुसार नामांकन प्रक्रिया के संचालन का निर्देश दिया। उन्होने बताया कि प्रत्याशी सुविधा वेब पोर्टल suvidha.eci.gov.in के माध्यम से आनलाइन आवेदन कर आवेदन पत्र की कॉपी रिटर्निंग आफिसर के समक्ष जमा कर सकते है।जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्वाचन प्रक्रिया से जु? अधिकारियों/कर्मचारियों एवं नामांकन करने वाले प्रत्याशियों से कोविड-19 महामारी के नये वैरियंट ओमिक्रोन से बचाव हेतु अनिवार्य रूप से मास्क लगाने एवं सोशल डिस्टेंसिंग अपनाने की अपील की है, ताकि वे स्वस्थ्य रहें और सुरक्षित रहें। कोविड-19 महामारी के दृष्टिगत किसी भी प्रत्याशी को जुलूस की अनुमति नही दी जायेगी। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा दोनो नामांकन स्थलों का जायजा लेने के दौरान अपर जिलाधिकारी कमलेश चन्द्र, ज्वाइन्ट मजिस्ट्रेट परीक्षित खटाना, प्रभागीय वनाधिकारी ए0पी0 यादव सहित नामांकन प्रक्रिया से जु० अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# सोशल मीडिया की प्रत्येक गतिविधि पर रखें नजर



मनोज पटेल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बदायूँ- विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2022 के अन्तर्गत 115 बदायूँ के चुनाव प्रेक्षक कौशिक हलदर ने प्रभारी अधिकारी एम0सी0एम0सी0 ऋतु पुनिया के साथ बुधवार को सूचना भवन पहुंचकर एमसीएमसी, प्रिंट, इलैक्ट्रॉनिक एवं सोशल मीडिया की संवीक्षा एवं सत्यापन के कार्यों का गहनता से निरीक्षण किया। यहां तैनात अधिकारियों एवं कार्मिक से उनके कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी ली। चुनाव प्रेक्षक ने निरीक्षण के दौरान निर्देश दिए कि प्रिंट, एवं इलैक्ट्रॉनिक मीडिया में विज्ञापनों एवं पेड न्यूज पर विशेष न?र रखी जाए। बिना एम0सी0एम0सी अवलोकन के विज्ञापन छपवाने वाले प्रत्याशियों के विरुद्ध कार्यवाही की जाए। प्रत्याशियों एवं उनके समर्थकों के सोशल मीडिया एकाउंट्स गहनता से खंगाले जाएं। विज्ञापन एवं पेड न्यूज प्राप्त होने की दशा में उस पर व्यय का आंकलन कर प्रतिदिन प्रभारी निर्वाचन व्यय लेखा को रिपोर्ट उपलब्ध कराई जाए एवं विधिक कार्यवाही अमल में लाई जाए। चुनाव ल?ने वाले अभ्यर्थियों द्वारा जारी किए जाने वाले विज्ञापनों को प्रिंट एवं इलैक्ट्रॉनिक मीडिया में बिना एमसीएमसी टीम के अवलोकन के प्रकाशित एवं प्रसारित न कराए जाएं। सोशल मीडिया पर समर्थकों की गतिविधियों पर विशेष न?र रखी जाए। चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों पर कार्यवाही की जाए।

## विधानसभा फाजिलनगर से स्वामी प्रसाद मौर्या को सपा प्रत्याशी बनाये जाने पर जनता में खुशी की लहर -चौधरी शमसुल होदा

**फाजिलनगर की जनता को विधायक के साथ-साथ एक कैबिनेट मंत्री का चुनाव का अवसर**



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

कुशीनगर- विधानसभा फाजिलनगर ( 332 ) से पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्या को समाजवादी पार्टी का प्रत्याशी बनाये जाने पर हर्ष जताते हुए सपा जिला सचिव चौधरी शमसुल होदा ने स्वामी प्रसाद मौर्या को जीत की अग्रिम बधाई देते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष मा0 अखिलेश यादव को धन्यवाद व आभार व्यक्त किया। जिला सचिव चौधरी शमसुल होदा ने आगे कहा कि विधानसभा फाजिलनगर के चहुमुखी विकास का सपना फाजिलनगर की जनता बहुत दिनों से जो देख रही थी, उसे साकार करने का अब सौभाग्य मिला है। जनता को सपा प्रत्याशी के रूप में विधायक के साथ-साथ एक कैबिनेट मंत्री का चुनाव करने का मौका मिला है। मा0 स्वामी प्रसाद मौर्या को विधायक के रूप में चुनाव करना वास्तव में फाजिलनगर के विकास हेतु चयन है। आशा ही नहीं बल्कि पूरा विश्वास है कि फाजिलनगर की सम्मानित जनता इस वास्तविकता को समझेगी और अपना बहुमूल्य वोट देकर एक ऐतिहासिक जीत के साथ अपने प्रतिनिधि विधायक के रूप में सपा प्रत्याशी स्वामी प्रसाद मौर्या को चुनकर प्रदेश की पंचायत विधानसभा में भेजने का काम करेगी। यह चुनाव फाजिलनगर के उज्ज्वल भविष्य हेतु चुनाव होगा।

www.knlslive.com

## 10 ली० नाजायज कच्ची शराब के साथ एक गिरफ्तार



प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती - प्रभारी निरीक्षक थाना सोनवा सुरेन्द्र कुमार शर्मा मय टीम द्वारा कस्बा चिचड़ी के पास अभियुक्त अनोज कुमार पुत्र गयादीन निवासी कटरा बहादुरगंज थाना दरगाह शरीफ जनपद बहराइच को 10 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया अभियुक्त के विरुद्ध थाना सोनवा पर मु0अ0स0 12/2022 धारा 60 आबकारी अधिनियम पंजीकृत अभियोग पंजीकृत किया।